भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे

Indian Institute of Tropical Meteorology, Pune—411008

कार्यक्रम : हिंदी स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता-2024

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे में दिनांक 01 अगस्त, 2024 को **अंतर कार्यालयीन हिंदी स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता-2024** का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुणे (कार्यालय-2) के तत्वावधान में किया गया। इसमें पुणे शहर के 21 केंद्रीय सरकार के कार्यालयों से 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि डॉ. आर. कृष्णन, निदेशक (आईआईटीएम)** थे। साथ ही इस अवसर पर संस्थान के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कौसर अली, श्री दिनेश कुमार त्रिवेदी और प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत प्रसाद पी. उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप-प्रज्वलन के साथ हुआ जिसके बाद डॉ. आरती सोनी ने गणेश वंदना एवं श्री कृष्णा सुराडकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। द्वीप-प्रज्वलन के पश्चात आदरणीय निदेशक महोदय ने सभी सदस्य कार्यालयों से आए हुए विभिन्न प्रतिभागियों एवं राजभाषा प्रेमियों का स्वागत किया। इसी अवसर पर "राजभाषा-उत्सव-2024" का विधिवत उद्घाटन माननीय निदेशक महोदय के कर-कमलों द्वारा किया गया और संस्थान में **"राजभाषा-उत्सव-2024"** के शुभारंभ की घोषणा की। संस्थान में राजभाषा-उत्सव दिनांक 01 अगस्त, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया जाएगा और इस दौरान संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद हिंदी अधिकारी, श्री हंस प्रताप सिंह ने "स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता" के नियमों की जानकारी देते हुए माननीय निदेशक महोदय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की अनुमति से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कौसर अली एवं श्री दिनेश कुमार त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और राजभाषा हिंदी की प्रगति हेतु निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। प्रशासनिक अधिकारी श्री अजीत प्रसाद पी. ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों एवं अन्य सहयोगियों तथा सभी अतिथियों एवं मूल्यांकनकर्ताओं के प्रति अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में मूल्यांकनकर्ता के रूप में डॉ. भूपेंद्र बहादुर सिंह, वैज्ञानिक-ई, श्रीमती स्मृति गुप्ता, वैज्ञानिक-डी ने तथा मंच संचालन की भूमिका श्रीमती अंकिता सिंह, राजभाषा अनुभाग ने निभाई। कार्यक्रम के उचित प्रबंधन में एल.आई.पी प्रभाग,सामान्य प्रशासन अनुभाग, परिवहन अनुभाग, सेमिनार हाल, अतिथि गृह, एन्विस, प्रशासनिक अनुभाग से श्री संदीप गोठवाल और श्री समीर आंबेकर तथा राजभाषा अनुभाग से श्री दीपक पाण्डेय और श्रीमती आरती ईश्वर डुलगच ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संस्थान के हिंदी अधिकारी श्री हंस प्रताप सिंह से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क सूत्र : 020-2590-4357 ई- मेल : hans.pratapsingh@tropmet.res.in